## द पॉवर ऑफ सेल्फ क्लोथिंग एंड ग्रूमिंग कार्यशाला

# कपड़ों के बिना फैशन की कल्पना भी नहीं की जा सकती: अपर्णा एस

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो महिला विंग द्वारा राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सेंटर फॉर एक्सिलेंस के तहत एलिगेंस विद एक्स्पर्टीज डिस्कवर द पॉवर ऑफ सेल्फ क्लोथिंग एंड ग्रूमिंग कार्यशाला कोरमंगला स्थित द ऐटिक ग्रे स्टूडियों में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फैशन के मायने समझना और उसे सही तरीके से उपयोग में लाना था।

फैशन डिजाइन कपड़ों और एक्सेसरीज पर डिजाइन और सौंदर्य को साकार करने की कला है। जो सांस्कृतिक और सामाजिक व्यवहार से प्रभावित होते हैं और समय और जगह के साथ बदलते रहे हैं। मिलान फैशन इंस्टिट्यूट से स्नातक, देश-विदेश के नामी-गिरानी ब्रांड्स के साथ कार्य करने वाली ऐटिक ग्रे स्टूडियो की संस्थापिका अपर्णा एस ने कहा कि कपड़ों के बिना फैशन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यह निसंदेह फैशन डिजाइनिंग में सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। कपड़े मौलिक हैं क्योंकि फैशन डिजा-इनिंग प्रक्रिया में पहनावे का निर्माण कपड़े के एक टुकड़े से शुरू होता है। कपड़े और बनावट का सही चयन पूरे परिधान के लिए टोन सेट करता है। यह एक कला है और कल्पना शक्ति से आगे बढ़ती हुए हमारी रचनात्मकता को बढ़ाती है। हर प्रकार के डील-डौल व्यक्तित्व को फैशन सूट करता है यदि वह सही तरीके से हो। उपस्थित सदस्यों के रुझान को देखते हुए अपर्णा ने अपने व्यवसाय की कहानी साझा करते हुए कहा अब तक कई देश- विदेश ब्रांड और डिजाइनर के साथ कार्य करते हुए आज यह मुकाम हासिल हुआ है। सदस्यों को इस व्यवसाय में आने की प्रेरणा देते हुए कहा कि कपड़ा एक ऐसी चीज है जिसमें हम महिलाएँ कमाल कर सकती है। जिसमें भारत इस हद तक फल-फूल रहा है कि हर राज्य, हर जिले की अपनी विशिष्ट पोशाक शैली और उससे जुड़ी एक अलग संस्कृति सबको लुभा रही है। हर कोई चाहता है कि उसका स्टाइल और लुक ऐसा हो, जिससे वह न सिर्फ सबके दिल पर छा जाए बल्कि अपनों का मन भी मोह ले। सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट ग्लॉस एंड ग्लास की संस्थापिका गीता ने कहा कि सब से पहले हमें अपनी पर्सनालिटी, स्किन टाइप, बालों का टैक्स्चर, कलर, आईब्रोज शेप और फेस कट को परखना चाहिए। अगर इस में कहीं किसी तरह की कमी है, तो ऐक्सरसाइज और स्किन केयर रूटीन में आना चाहिए। ताकि मेकअप से पहले स्किन और जवां व निखरी निखरी दिखाई दे। मेकअप करना हर लड़की का हक भी होता है जो हमारे फीचर्स को शार्प करने के साथ ही चेहरे पर एक अलग ग्लो ले आता है। मेकअप कई तरह का होता है। डे मेकअप, नाइट मेकअप, नॉर्मल मेकअप और पार्टी मेकअप आदि। सही मेकअप करके आप अपने लुक्स से हर पार्टी की जान बन सकती हैं।



### इनका रहा सहयोग

गीता ने दो सदस्यों पर प्रायोगिक मेकअप करते हुए सभी को सुझाव दिया कि एक समय में 1 से 2 बेसिक चीजों को शामिल करके धीरे-धीरे शुरुआत करें। उदाहरण के लिए, आप कंसीलर और फाउंडेशन से शुरुआत कर सकते हैं। फिर आप मस्कारा और प्राइमर को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकती हैं। अंत में ब्लशर और लिप उत्पाद। बस आपको अपनी स्किन टाइप के बारे में पता होना बेहद जरूरी है। उस हिसाब से प्रयोग करते जाये। पूर्व अध्यक्ष मधु डोशी ने अपने विचारों को साझा करते हुए सदस्यों को प्रशिक्षण से आर्थिक सुदृढ़ता की ओर एक कदम की प्रेरणा दी। जीतो की ओर से प्रशिक्षक का सम्मान किया गया। प्रशिक्षकों का परिचय एवं संचालन संयोजिका सुमन रांका एवं सह-संयोजिका सारिका जैन ने दिया। कार्यशाला का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। रत्नी बाई मेहता, मेंटर सरिता खिंवेसरा, कार्यसमिति सदस्य सूर्यकला सियाल, साधना धोका, सुमन सिंघवी, जिग्ना कपासी, संगीता मुथा का सहयोग रहा। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

# दक्षिण पश्चिम रेलवे ने विश्व विरासत दिवस मनाया






**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** दक्षिण पश्चिम रेलवे ने शुक्रवार को विश्व विरासत दिवस मनाया। हुब्बल्ली और मैसूरु रेल संग्रहालय में रेलवे प्रणाली की समृद्ध विरासत को उजागर करने वाली आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे विरासत पर केंद्रित एक ज्ञानवर्धक सेमिनार के साथ हुई, जिससे उत्साही लोगों को आकर्षित किया गया। हमारी सांस्कृतिक विरासत के इस अभिन्न पहलू के संरक्षण और सराहना की आवश्यकता पर बल देते हुए, रेलवे के ऐतिहासिक महत्व को बच्चों के साथ साझा किया गया। हुब्बल्ली और मैसूरु रेल संग्रहालय में सेमिनार के बाद, रेलवे विरासत पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगियों ने पूरे रेलवे इतिहास से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए रेलवे के प्रति अपने ज्ञान और जुनून का प्रदर्शन किया। उनके असाधारण प्रदर्शन की मान्यता में, विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे नई पीढ़ी को रेलवे विरासत को संजोने और उसका जश्न मनाने की प्रेरणा मिली। मैसूरु में वेनिस चार्टर के लेंस के माध्यम से आपदाएं और संघर्ष विषय पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक गोलमेज चर्चा हुई जहां विरासत संरक्षण के क्षेत्र के विशेषज्ञ संरक्षण के लिए विरासत संपत्तियों के दस्तावेजीकरण के महत्व पर जोर देने के लिए एकत्र हुए। मैसूरु मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल ने मैसूरु में आयोजित ड्राइंग, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# धर्म को प्राप्त करके ही बना जा सकता है धर्मी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में जारी नवपद जी को ओली आराधना के छठे दिवस साध्वी स्वर्णांजना श्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि सम्यग् दर्शन पद की आराधना के लिए उसके बारे में जानना आवश्यक है। पिछले 5 दिन तक हमने देव और गुरु तत्व की आराधना की और धर्म तत्व की आराधना प्रारम्भ हुई। धर्म को प्राप्त करके ही धर्मी बना जा सकता है। धर्म तत्व में पहला सम्यग् दर्शन है, जिसके बिना सभी प्रकार का ज्ञान मिथ्या ज्ञान कहलाता है। किसी भी प्रकार की क्रिया मिथ्या कहलाती है। इसलिए सबसे जरुरी और मुख्य तत्व है सम्यग् दर्शन। हमारे हृदय में देव गुरु के प्रति अखंड श्रद्धा जब प्रकट होगी तब हम सम्यक्तवी कहलायेंगे। सम्यक् दर्शन यानि विचारों का शुद्धिकरण, अध्यवसायों का निर्मलीकरण, भावनाओं का उर्ध्विकरण, सम्यक दर्शन आते ही संसार के प्रति मोह कम हो जाता है और संयम त्याग धर्म क्रिया आराधना की भावना होने लगती है। सम्यग् दर्शन ऐसा पद है जिसके बिना शुरू के पांच पदों में से कोई भी पद प्राप्त नही हो सकता। इसलिए मूल तत्व यही कह सकते है। हमें केवल धर्म के प्रति राग रखना है। संसार के प्रति राग वालों को संसार ही दिखता है। धर्म के प्रति राग वालों को मोक्ष दिखता है। सम्यग् दर्शन की प्राप्ति के बाद हम कह सकते हैं कि मैं मोक्ष में जाऊंगा। अर्थात् मोक्ष गति में रिजर्वेशन हो जाता है। हमारे हृदय में सम्यग् श्रद्धा विराजमान हो, देव गुरु धर्म की शुद्ध आराधना हमारे मन में रमती रहे। सम्यग् दर्शन आने के बाद हमारी भावना शुद्ध हो जाती है।



# तहसील कार्यालय में मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्रमण भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) समारोह हुब्बल्ली के तह-सीलदार कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान तहसीलदार के आर पाटिल ने महावीर जन्म कल्याणक की बधाई देते हुए भगवान महावीर के जियो और जीने दो सिद्धांत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान महावीर सदैव अहिंसा और दुसरों का भला हो इसके लिए प्रेरित करते थे।

प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति के सदस्य व ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन के अध्यक्ष महेंद्र सिंघी ने बताया कि 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के क्षत्रिय कुण्डलपुर में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के यहाँ तीसरी संतान के रूप में चैत्र शुक्ल तेरस को वर्धमान का जन्म हुआ। वही वर्द्धमान बाद में हमारे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर श्रमण भगवान महावीर स्वामी बने। इस अवसर पर श्री जैन मरुधर संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल जैन, ट्रस्टी पारसमल भंसाली, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र बिलगी, उपाध्यक्ष विमल तालिकोटि, स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष उकचंद बाफना, कार्य अध्यक्ष गौतम भुरट, महामंत्री प्रकाश कटारिया, कोषाध्यक्ष कांतिलाल बोहरा, महावीर लिंब सेंटर चेयरमैन गौतम गोलेछा, संतोष पाटिल, अभय सूजी, अजित सिरगूपी, अरहन तालिकोटि, भारत जैन, महामंडल हुब्बल्ली के अध्यक्ष व् विश्व हिन्दू परिषद हुब्बल्ली महानगर जिला सेवा प्रमुख सुभाष चंद्र डंक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समारोह के पश्चात तहसीलदार के आर पाटिल ने सभी का आभार जताया।





*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। विजयनगर क्लब रोड में डॉक्टर शंकर लिंगेया के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। डॉ शंकर लिंगेया एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी। जिससे सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित हुए। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने चिकित्सकों को सम्मानित किया।*

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत श्री सिटी बहु मंडल चिकपेट द्वारा फ्रीडम पार्क में डॉ. नरपत सोलंकी एवं उनके सहयोगियों के कुशल नेतृत्व में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों ने नेत्र परीक्षण कराया। बहु मंडल अध्यक्षा प्रमिला डूंगरवाल, मंत्री सुनीता मार्लेचा, मार्गदर्शिका सुमित्रा कोठरी एवं समस्त सदस्यों के सहयोग से सम्पूर्ण कार्यक्रम बड़ी सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जीवराज, पारसमल, मनीष मरलेचा एवं चेतन प्रकाश, शांतिलाल डूंगरवाल परिवार कार्यक्रम के प्रायोजक थे।

# जन्म कल्याणक पर कई कार्यक्रम आयोजित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री पौषधशाला भवन चामराजपेट में श्री महावीर जन्म कल्याणक दिवस पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों के तहत तप, त्याग, सामायिक साधना और ज्ञान आराधना के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रातः सात से आठ बजे तक प्रार्थना और स्वाध्याय श्रावक दानमल लोढ़ा ने सम्पन्न कराया। महेन्द्र बांठिया द्वारा दैनिक धार्मिक कक्षा ली गई।

9 से 12 तक श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी के जीवन चरित्र और उपदेशों पर विवेचन चला। 9 से 10 तक प्रवचन चला।

उसके बाद श्रावक ज्ञानराज मेहता, दुलीचंद टोडरवाल, ताराचंद लुणावत, सुनील दलाल आदि कई लोगों ने श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी के जीवन और सिद्धांतों पर अपने अपने विचार रखे।

# महावीर जन्म कल्याणक पर निकाला भव्य वरघोड़ा



**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।** भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक बड़ी धूमधाम से श्रद्धा भक्ति के साथ गदग में मनाया गया। रविवार सुबह मुलगूंद नाका में स्थित महावीर सर्किल से भव्य वरघोड़ा पूज्य आचार्य हिरचंद्र सुरिश्वर की निश्रा में निकाला गया। कुशलधाम दादावाड़ी, गुजराती मंदिर, स्टेशन मार्ग स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में दर्शन वंदन कर भगवान महावीर गौशाला पहुंच कर वरघोड़ा धर्मसभा में तब्दील हो गया। वहां पर कई लोगों नें गौशाला में सहयोग दिया। वरघोड़े में पूजा के वस्त्र में युवा सदस्य भगवान की पालकी लिए चल रहे थे। जगह जगह पर रंगोली द्वारा वरघोड़े का स्वागत किया गया। वरघोड़े में बडी संख्या में पुरुष महिला व बच्चे पारंपरिक वेश भूषा में सज धज कर शामिल हुए।

## लोकसभा चुनाव 2024 : कांग्रेस ने भाजपा के उम्मीदवार वाडियार के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में रिश्वतखोरी में कथित संलिप्तता के लिए भाजपा के मैसूरु-कोडागु लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की है। शनिवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे एक पत्र में, केपीसीसी ने आरोप लगाया कि वाडियार ऐसे कार्यों में लगे हुए हैं जो एमसीसी का घोर उल्लंघन करते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। वाडियार ने अपने चुनावी अभियान के लिए समर्थन और प्रभाव मांगने के स्पष्ट उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर कई प्रभावशाली हस्तियों के साथ एक बैठक आयोजित की है। इस बैठक के दौरान, जो गुप्त रूप से आयोजित की गई थी, वाडियार ने इन प्रभावशाली लोगों को व्यक्तिगत नोटबुक, पेन, चॉकलेट, साड़ी और मिठाइयाँ सहित भौतिकवादी प्रलोभन का प्रस्ताव देकर प्रभावित करने के गंभीर प्रयास किए। पत्र में कहा गया है कि इस बैठक का सबसे चिंत-ाजनक पहलू इन प्रभावशाली लोगों को उनकी उम्मीदवारी के स्पष्ट समर्थन और प्रचार के बदले में पर्याप्त मात्रा में धन का निर्लज्ज वितरण था। पत्र में आरोप लगाया गया कि प्रभावशाली लोगों को पैसे बांटने का यह निंदनीय कृत्य न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, बल्कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और भारतीय दंड संहिता के तहत एक गंभीर अपराध भी है। केपीसीसी ने चुनाव निकाय से इस मामले में गहन और निष्पक्ष जांच शुरू करने और एमसीसी और संबंधित चुनावी कानूनों का उल्लंघन करने के दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

# महावीर जयंती पर गौशाला में सेवा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री एंवता बाल मंडल शूले द्वारा जीव दया के तहत गौशाला में गायों और कबूतरों के लिए घास एवं धान वितरित किया गया। व्यवस्थापिका तारा बाई सांखला ने बताया बच्चों ने अपने जेब खर्च को इकट्ठा कर दान राशि संग्रहीत की थी। कोरमंगला स्थित गौशाला में गायों को चारा और कबूतरों को दाना दिया गया। धार्मिक टीचर शीतल गादिया जैन ने बताया कि हर शनिवार को सायंकाल बच्चों की धार्मिक कक्षा में शूले के अनेक बालक बालिकाएं उत्साह पूर्वक भाग लेती हैं। कर्नाटक स्वाध्याय संघ के सहयोग से शूले स्थित श्री महावीर जैन स्थानक भवन में 25 अप्रैल से दस दिवसीय धार्मिक बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# कांग्रेस की गारंटी समुदाय विशेष के गुंडों द्वारा किए गए उत्पीड़न और हमले की रक्षा करना: येदियुरप्पा

### भूलकर जनविरोधी सरकार चला रहे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की गारंटी समुदाय विशेष के गुंडों द्वारा किए गए उत्पीड़न और हमले की रक्षा करना है। लोगों की जान लेना और उन्हें दिवालिया बनाना सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कांग्रेस के विज्ञापन के जवाब में पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की और अपने पूरे भाषण में कांग्रेस सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। सरकार लुटेरों और आतंकवादियों को सहायता और बढ़ावा दे रही है। साम्प्रदायिक शांति का उद्यान कर्नाटक एक ही वर्ष में कट्टरपंथियों की रणभूमि में तब्दील हो गया है। उन्होंने सिद्धरामैया सरकार पर कट्टर शक्ति को अपने शासन का हिस्सा बनाने का गंभीर आरोप लगाया। कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में हत्या, रंगदारी, हिंसा और उत्पीड़न का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तुष्टीकरण की नीति के फलस्वरूप सरकार स्वयं समुदाय विशेष के गुंडों को संरक्षण की गारंटी दे रही है। उन्होंने सवाल किया कि लोगों के शांतिपूर्ण जीवन की गारंटी कौन देगा? मांड्या की दीवार पर हनुमान ध्वज को झुकाना, पाक समर्थक नारे, छात्रा नेहा की हत्या, जयश्रीराम के नारे पर हमला, हर्षिता पुत्राच दम्पति का बलात्कार, उडुपी कॉलेज में छात्रों का वीडियो मामला, ये सब कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ। उन्होंने विरोध किया कि महिलाओं, बच्चों ने जीवन की उम्मीद खो दी है। गैंगस्टरों, आतंकवादियों का उत्पात दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हालांकि उनके जीवन की कोई गारंटी है। सरकार में कन्नडिगाओं के जीवन की कोई गारंटी नहीं है। यह इंसानियत, मानवता विहीन सरकार है। पत्थर की सरकार है। वे विकास को पूरी तरह भूलकर जनविरोधी सरकार चला रहे हैं। सरकार पूरी तरह से दिवालिया हो चुकी है। एक भी विकास कार्य नहीं हो रहा है। सत्ता में आने के बाद एक किलोमीटर भी सड़क नहीं बनी। सिंचाई परियोजनाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो गई हैं। हर जगह लोग फटकार लगा रहे हैं। येदियुरप्पा ने आलोचना की कि तुगलक दरबार चल रहा है। कांग्रेस नेताओं को पता है कि बीजेपी-जेडीएस गठबंधन राज्य की 28 में से 28 सीटें जीतेगा। इस प्रकार वे भ्रामक विज्ञापन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को इन सब बातों से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस नेता इस उम्मीद में हैं कि लोकसभा चुनाव में वे 20 सीटें जीतेंगे। उन्होंने चुनौती दी कि कम से कम 4 से 5 लोकसभा क्षेत्रों के नाम बताएं जहां आप 28 निर्वाचन क्षेत्रों में से जीत सकते हैं। आप इस भ्रम में हैं कि आपकी जीत निश्चित है। लेकिन असल तस्वीर कुछ और ही है। उन्होंने कहा कि जनता आपके झूठे प्रचार को स्वीकार नहीं करेगी। कराधान के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने खुद कहा है कि केंद्र ने कर्नाटक को कितना अनुदान दिया है। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहले ही यह स्पष्ट कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में अमित शाह सोमवार को बात करेंगे।



### गुंडों का गारंटर कौन है?

पूर्व केंद्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा ने कहा, हम एक विशेष काल में हैं। यह चुनाव आतंकवादी और हिंदू धार्मिक रीति-रिवाजों के खिलाफ जा रहा है। हिंदुओं को तीसरे दर्जे का नागरिक माना जाता है। उन्होंने समुदाय विशेष के कट्टरपंथियों और आतंकवादियों को अपने काम करने का तरीका बना लिया है। कुकर ब्लास्ट से लेकर सब कुछ है। सिद्धरामैया और डीके शिवकुमार उनके पक्ष में हैं। कर्नाटक विश्व मानव का संदेश देने वाली भूमि है। कर्नाटक में ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि कोई भी महिला वोट देने नहीं आएगी। गुंडों का गारंटर कौन है? जो हिंदुओं पर सवारी करते हैं? शनिवार को मोदी आये तो कुछ बोले। हमारा लक्ष्य जीवन को आश्वस्त करना है। इस चुनाव से बहुत बड़ा संदेश जाना चाहिए।

## अगले दो दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य में पूर्वी मॉनसून की बारिश फिर से शुरू हो गई है और पिछले दो दिनों से कई हिस्सों में छिटपुट बारिश हो रही है और अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। वातावरण में जाल के परिणामस्वरूप, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, और शाम और रात में छिटपुट गरज, बिजली और तूफानी बारिश की संभावना बढ़ जाएगी। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लेकिन मौसम विभाग ने कहा कि राज्य भर में व्यापक बारिश नहीं होगी। राजधानी बेंगलूरु समेत राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश का अनुमान है। शनिवार को तटिय कारवार 8, गोकर्ण 10.3, मुंडगोडा 6.4, अलियाला 3.2, होन्नावारा 2.8 और सिद्धपुर 1.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गदग 65.5, कलबुर्गी 86.4, हुक्कनूर 49, शिगावी 37.5, कलबुर्गी 31.7, शिरहट्टी 26.6, अब्जलपुरा 13.5, कलागतगी 16.6, हुब्बल्ली 10.5, यालाबुर्गा 10, मुदागल 4.8, बिलागी 3.5, हावेरी 2.2, बादामी 1.6, मगदी 1.8 और अनावत्ती में 1.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई। अन्य जगहों पर कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की खबर थी।

## जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में व्यापारी और पत्नी गिरफ्तार

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** जिला पुलिस ने जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में एक व्यापारी और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। रफीक बेपारी और उनकी पत्नी को एक पीड़िता पर बुर्का पहनने और माथे पर बिंदी न लगाने का दबाव डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एक गांव की एक विवाहित महिला ने सौंदत्ती पुलिस से शिकायत की थी कि उसे सात लोगों ने फंसाया था, जिन्होंने उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। जिस महिला की शादी को 10 साल हो गए थे, उसने नौकरी के लिए रफीक से संपर्क किया था। उसने मुझसे नौकरी दिलाने का वादा किया और मुझे बेलगावी ले आया। फिर उन्होंने मुझ पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव डाला। एसपी भीमा शंकर गुलेड़ ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## तैराकी के दौरान नेत्रावती नदी में डूबा लड़का

**मंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** करकला में स्थित नेत्रावती नदी में तैरने गया एक लड़का शनिवार की शाम काद-शवालया के पास नेचाबेट्टू में डूब गया। मृतक स्थानीय निवासी साहिर का पुत्र सुहैल (13) है। वह केमैन पालिके स्कूल में पढ़ रहा था और उसने सातवीं कक्षा पास कर ली थी। बताया जा रहा है कि सुहैल ने नेचाबेट्टू स्थित अपने घर के पास शादी समारोह में हिस्सा लिया था और फिर अपने दोस्तों के साथ तैरने के लिए नदी में गया था। इसी दौरान यह हादसा हुआ। कुछ युवक नदी के किनारे क्रिकेट खेल रहे थे और उन्होंने मदद के लिए सुहैल के दोस्त की चीखें सुनीं। वे दौड़े और सुहैल को नदी से बाहर ले आए। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तब तक वह मर चुका था। सुहैल के शव को पोस्टमार्टम के लिए बंटवाल सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। बंटवाल ग्रामीण पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच कर रही है।

# वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है: जोशी

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि राज्य सरकार लव जिहाद के पक्ष में है। वोट बैंक की राजनीति के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक जा सकती है। यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने सलाह दी कि समाज को तैयार रहना चाहिए और बहुत सावधान रहना चाहिए। सीएम, डीसीएम, गृह मंत्री तुष्टिकरण की नीति के कारण कुछ नहीं कर रहे हैं। उन्होंने उन पर वोट बैंक की राजनीति के लिए गैरजिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया। मंत्री जोशी ने कहा कि आरोपी ने नेहा का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। लेकिन उनके पिता ने उनसे कहा था कि वह सहमत नहीं हैं। आरोपी फैयाज ने नेहा का धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी करने की कोशिश की। नेहा ने इसका कड़ा विरोध किया था। मंत्री जोशी ने कहा कि नेहा के पिता निरंजन हिरेमथ ने खुद मुझे बताया है कि जब वह नहीं माने तो आरोपी ने हत्या कर दी। कांग्रेस पार्षद की बेटी के मामले में भी आप ऐसा व्यवहार कर रहे हैं, तो आम लोगों की क्या गति होगी? जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को इतनी बुरी स्थिति में पहुंचा दिया है। दिनदहाड़े नेहा को नौ-दस बार चाकू मारकर हत्या करने का मंजर देखने के बाद भी इन कांग्रेसियों को कोई दया नहीं आई। जोशी ने नेहा के परिवार को न्याय दिलाने की जरा सी भी जिम्मेदारी न होने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। डीजे हल्ली-केजे हल्ली, रामेश्वर कैफे बम विस्फोट, पाकिस्तान जिंदाबाद की घोषणा, उडुपी शौचालय कैमरा मामला आदि सभी घटनाओं में उनकी तुष्टिकरण की नीति अत्यधिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे लोगों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है।



# राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : आर अशोक

### नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए सीएम दें इस्तीफा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। हुब्बल्ली में कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या कर दी गई और पिता की मदद नहीं की जा रही है। ₹

उन्होंने मांग की है कि सीएम सिद्धरामैया को नैतिक जिम्मेदारी के तौर पर इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार डॉ. सी.एन मंजूनाथ के लिए चुनाव प्रचार में भाग लिया और फिर एक संवाददाता सम्मेलन में बात की। राज्य में तालिबान सरकार शासन कर रही है। इस सरकार में समुदाय विशेष के कट्टरपंथियों का बहुत सम्मान किया जाता है। जय श्रीराम का मतलब है कि मोदी के बारे में गाओगे तो पिटोगे। उन्होंने कहा कि वे पाक जिंदाबाद कहने वालों को बिरयानी के साथ पास भी देंगे। सांसद डीके सुरेश की रैली में कुछ लोगों ने पाकिस्तान जय के नारे लगाए। लेकिन डीके सुरेश बिना कुछ बोले वहीं खड़े रहे। वह पहले ही देश को तोड़ने की बात कह चुके हैं।



उन्होंने कहा कि भारत माता से प्रेम करने वाले बेंगलूरु देहात के लोग उन्हें सही सबक सिखाएंगे। हुब्बल्ली की घटना को देखकर साफ है कि कॉलेज परिसर में कोई सुरक्षा नहीं है। नेहा के पिता कांग्रेस पार्षद ने हत्या को लव जिहाद बताया है। परिवार ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता इस तरह की बातें करेंगे तो वे आत्महत्या कर लेंगे। हालांकि, कांग्रेस नेताओं ने इस पर पर्दा डालने की कोशिश में इसे एक प्रेम मामला बताया। रामेश्वरम कैफे की घटना एक आतंकवादी गतिविधि थी। कुकर बम फोड़ने वाले को भाई कैसे कहेंगे डीके शिवकुमार? उन्होंने सवाल किया कि ओक्कालिगा नेता होने का दावा करके वोट मांगना कैसे संभव है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री एक जिम्मेदार पद पर हैं और बयान देने के बाद माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओं को पीछे छोड़ देंगे। राहुल गांधी हारने के बाद विदेश जरूर जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आई, आतंकवाद आया, नक्सल आया, बम आया। हिंदुओं की रक्षा करने की शक्ति केवल शक्तिमान नरेंद्र मोदी में है। मोदी सरकार आने के बाद आतंकवाद पर लगाम लगी है। लोग तय करेंगे कि उन्हें बेंगलूरु देहात में मंजूनाथ चाहिए या पत्थर दिल डीके सुरेश। हालांकि उन्होंने दावा किया कि मंजूनाथ तीन लाख के अंतर से जीतेंगे।

## शिवकुमार, कुमारस्वामी के खिलाफ मामला दर्ज



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है और नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है, चुनाव आयोग अलर्ट पर है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और जद (एस) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के खिलाफ चुनाव आयोग ने अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग कारणों से मामला दर्ज किया है। कुमारस्वामी के खिलाफ डीके सुरेश के खिलाफ व्यक्तिगत दुर्व्यवहार के आरोपों के संबंध में तुमकुर जिले के गुब्बी तालुक में स्थानीय पुलिस स्टेशन में फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा बेंगलूरु के आरआर नगर में अपार्टमेंट मालिकों को संबोधित करते समय आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के लिए शिवकुमार के खिलाफ बेंगलूरु में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# इंडि गठबंधन में दोस्त कौन हैं और दुश्मन कौन पता नहीं: देवेगौड़ा



बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले भारतीय गठबंधन की आलोचना करते हुए इसे एक दिखावा बताया है। यह गठबंधन की स्थिति को स्पष्ट रूप से बताता है। अखबारों की सुर्खियों पर नजर डालते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि भारत गठबंधन के सहयोगी और दुश्मन कौन हैं। गौड़ा ने अपने पोस्ट के साथ अखबारों में छपे अहम बिंदुओं को टैग किया और आलोचना की। भारतीय गठबंधन के सहयोगी दलों के नेताओं के विरोधाभासी बयान देने पर गौर करने के बाद गौड़ा ने इस तरह की प्रतिक्रिया दी है।

## हुब्बल्ली हत्याकांड का मामला

# राजनीतिकरण करने की भाजपा की कोशिश नहीं होगी सफल: सतीश जारकीहोली

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा हुब्बल्ली हत्याकांड का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है। लेकिन यह कांग्रेस की संभावनाओं को कम करने में सफल नहीं होगा। मंत्री और कांग्रेस नेता सतीश जारकीहोली ने रविवार को हुक्केरी में यह बात कही। उन्होंने कहा यह पहली बार नहीं है कि भाजपा इस तरह की घटना का राजनीतिकरण कर रही है। वे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। लेकिन जब उनके शासनकाल में ऐसा कुछ होता है तो वे इसे नजरअंदाज कर देते हैं। उत्तर प्रदेश में मनीषा वाल्मिकी के बलात्कार और हत्या पर उन्होंने आवाज नहीं उठाई। कर्नाटक में भाजपा शासन के दौरान, विजयपुरा जिले में गंगम्मा नामक एक महिला को इसी तरह का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने इसके बारे में बात नहीं की। वे राजनीतिक लाभ के लिए कई समस्याओं का उपयोग करते हैं। लेकिन वे सफल नहीं होंगे। भाजपा के इस अभियान के बारे में पूछे जाने पर कि 'कांग्रेस शासन में हिंदू लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, उन्होंने कहा कि यह भी भाजपा की पुरानी राजनीतिक चालों में से एक है। लेकिन ऐसी चालें काम नहीं करेंगी। राज्य तीव्र गति से विकास कर रहा है और कांग्रेस जैसे कल्याणकारी उपायों की गारंटी देती है। मुझे यकीन है कि लोग भाजपा के झूठ को समझ जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा हुब्बल्ली मामले को चुनावी मुद्दा बनाने से कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि लोग भावनात्मक प्रचार के लिए नहीं बल्कि वास्तविक मुद्दों के लिए वोट करेंगे। यह एक जघन्य अपराध है जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। अपराधी को कानून के मुताबिक अधिकतम सजा मिलनी चाहिए। हालाँकि, यह दो व्यक्तियों के बीच की समस्या है, कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं। हत्या और चुनाव के बीच कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा पुलिस की जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है कि चुनाव के बाद कांग्रेस सरकार गिर जाएगी। यह सब भाजपा का बेबुनियाद प्रचार है। उन्होंने कहा उन्होंने पहले भी ऐसा प्रचार किया है और विफल रहे हैं। हमारे पास अपेक्षित बहुमत है और हम अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। भाजपा यह भी झूठ फैला रही है कि लोकसभा चुनाव के बाद गारंटी बंद हो जाएगी। गारंटी के बारे में भाजपा के बड़बोलेपन का दिलचस्प असर हुआ। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि उन्होंने गारंटी योजनाओं को व्यापक प्रचार दिया। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी और कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका जारकीहोली के चिक्कोडी से जीतने की प्रबल संभावना है। तीन दशकों से अधिक समय से जारकीहोली परिवार लोगों के साथ है। मुझे यकीन है कि हमारी अगली पीढ़ी भी ऐसा ही करती रहेगी। प्रियंका जारकीहोली पहले से ही सतीश जारकीहोली फाउंडेशन और अन्य संगठनों में धर्मार्थ कार्यों को संभाल रही हैं। उन्होंने कहा, अगर वह चुनी गईं तो वह अपनी सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों को पर्याप्त रूप से निभाएंगी।



### हम इसे और विकसित करेंगे

वह पिछले 4-5 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रही हैं और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। वह न केवल इसे जारी रखेंगी, बल्कि राजनीतिक शक्ति का उपयोग करके निर्वाचन क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए भी कड़ी मेहनत करेंगी। चिक्कोडी का विकास पूर्व मंत्री प्रकाश हुक्केरी जैसे नेताओं के प्रयासों के कारण हुआ है। हालांकि, इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है। अगर हम चुने गए तो हम इसे और विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो गरीबों और राज्य के विकास का समर्थन करती है। यह हमारे कार्यों में परिलक्षित होता है। उनका मानना है कि जिले में कोई मोदी लहर नहीं है। यह मोदी फैक्टर और कांग्रेस की गारंटी के बीच लड़ा जाने वाला चुनाव नहीं है। उन्होंने कहा यह लड़ाई दो उम्मीदवारों के बीच है।

## हुब्बल्ली हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम का अभिनंदन


**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** हुब्बल्ली धारवाड़ शहर की पुलिस आयुक्त रेणुका सुकुमार ने पुलिस अधिकारियों की उस टीम को सम्मानित किया है जिनकी त्वरित कार्रवाई के कारण हालिया हत्या मामले में आरोपियों की सफल गिरफ्तारी हुई। कमिश्नर ने उस टीम के प्रत्येक सदस्य को कॉप ऑफ द मंथ का पुरस्कार दिया, जिसने फैयाज बाबासाहेब (23) को पकड़ा था, जो 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज परिसर में नेहा हिरेमठ को बेरहमी से चाकू मारने के बाद भाग गया था। आरोपी का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए एसीपी शिवप्रकाश नायका और पुलिस इंस्पेक्टर डीके पाटिल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने वारदात के एक घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सुकुमार ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम को 25,000 नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र दिया।

# शिक्षक भर्ती पेपर लीक केस में पांच आरोपी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार

### बिहार लेकर आ रही ईओयू की टीम

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा ली गई शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मध्य प्रदेश के उज्जैन से एक युवती और चार युवक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी पहचान बदलकर उज्जैन में छिपे थे। ईओयू की टीम को इनकी जानकारी मिली तो फौरन मध्य प्रदेश पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर पांचों को गिरफ्तार कर लिया।




आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू)के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने कहा कि तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक केस में पांच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह सभी एक गिरोह के सदस्य हैं। इन्हें वापस पटना लाने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया है।

आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार, इन पांचों आरोपियों के पास से कई महत्वपूर्ण सबूत एकत्र किए गए हैं और उन्हें सोमवार को पटना की अदालत में पेश किया जाएगा। बता दें कि तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा 15 मार्च को 415 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा में लगभग 3.75 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इसके बाद पेपर लीक की बात सामने आई।

आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोक सेवा आयोग को एक रिपोर्ट सौंपी। इसमें कहा कि परीक्षा से एक दिन पहले ही तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। शिक्षक भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र एवं उत्तर मुहैया कराने के एवज में दस-दस लाख रुपये सॉल्वर गैंग ने लिया था। आर्थिक अपराधी इकाई की टीम ने हजारीबाग और पटना के करबिगहिया में छापेमारी कर कुल सॉल्वर गैंग के सदस्य और अभ्यर्थी समेत 313 लोगों को हिरासत में लिया। इनमें से 266 को जेल गया। इसके लिए शनिवार देर रात को ही सिविल कोर्ट में इनकी पेशी हुई। इनमें 266 अभ्यर्थियों में 88 महिला अभ्यर्थी भी शामिल थीं।

### बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत बिगड़ी

# बेऊर जेल प्रशासन ने अस्पताल में करवाया भर्ती

**पटना (एजेंसियां)।**

पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बेऊर जेल के डॉक्टरों की सलाह पर उन्होंने आईजीआईएमएस में भर्ती करवाया गया है। पुलिस अभिरक्षा में अनंत सिंह का इलाज चल रहा है। दरअसल, पूर्व विधायक की जेल में अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें पेट में काफी दर्द हो रहा था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जांच में पेट से जुड़ी कुछ बीमारी की बात सामने आई है। आईजीआईएमएस के डॉक्टरों की टीम पूर्व विधायक का इलाज कर रही है। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, अनंत सिंह को पहले से बीपी और



डायबिटीज है। कुछ दिन पहले उन्हें तेज बुखार भी हुआ था। पेट से जुड़ी समस्या की शिकायत उन्होंने जेल प्रशासन से की। इसके बाद उन्हें जेल अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच के बाद जेल अस्पताल के डॉक्टरों बेहतर इलाज के लिए पटना के आईजीआईएमएस में भर्ती करवाया। कड़ी सुरक्षा में बीच आईजीआईएमएस में अनंत सिंह का इलाज चल रहा है।

एके-47 और हैंड ग्रेनेड मामले में अनंत सिंह को दस साल की सजा हुई है। साथ ही अनंत सिंह के नौकर को भी दस साल की सजा सुनाई गई है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज त्रिलोकी नाथ दुबे की अदालत ने विधायक और एक अन्य अभियुक्त को 10-10 साल की सजा सुनाई है।

# बिहार में दूसरे चरण का चुनाव नीतीश के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं



**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का चुनाव मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं माना जा रहा है। पूर्वी बिहार और सीमांचल के किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में होने वाले चुनाव में एनडीए की ओर से जदयू के उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए जदयू के अध्यक्ष सहित अन्य नेता भी पूरा जोर लगा रहे हैं। इधर, महागठबंधन भी इन सीटों को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहा।

जदयू ने भागलपुर से निवर्तमान सांसद अजय कुमार मंडल, कटिहार से दुलाल गोस्वामी, पूर्णिया से संतोष कुशवाहा और बांका से गिरिधारी यादव को फिक्र से चुनावी अखाड़े में उतारा है। हालांकि मुस्लिम बहुल क्षेत्र किशनगंज से जदयू ने चेहरा बदल दिया है।

पिछले चुनाव में किशनगंज एक मात्र ऐसी सीट थी, जहां एनडीए को हार का मुंह देखना पड़ा था। वहां कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद जावेद ने जदयू के महमूद अशरफ को पराजित किया था। जदयू ने इस चुनाव में किशनगंज से मुजाहिद आलम पर दांव लगाया है। नीतीश की नजर इन सीटों पर लगी हुई है। नीतीश लगातार इन क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि नीतीश के खास लोग इन क्षेत्रों में कैम्प कर रहे हैं। महागठबंधन कि बात करें तो किशनगंज से कांग्रेस ने एक बार फिर मोहम्मद जावेद को चुनावी मैदान में उतारा है। जबकि, कटिहार से तारिक अनवर ताल ठोक रहे हैं। भागलपुर भी कांग्रेस के कोटे में गई है, जहां से अजीत शर्मा अखाड़े में हैं।

बांका से राजद के जय प्रकाश यादव जबकि, पूर्णिया से राजद की बीमा भारती चुनावी मैदान में है। कांग्रेस के लिए ये सीटें कितना महत्व रखती हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भागलपुर में चुनावी रैली कर चुके हैं। जबकि, पार्टी अध्यक्ष मल्लिलार्जुन खरगे कटिहार और किशनगंज में चुनावी सभा कर अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांग चुके हैं।

# लालू यादव की बेटी ने सुंदर कांड की पंक्तियों को बदलकर क्या से क्या कर दिया! किसपर साधा निशाना?

**पटना (एजेंसियां)।**

रामचरितमानस की पंक्तियों पर पिछले साल तत्कालीन महागठबंधन सरकार में राष्ट्रीय जनता दल कोटे के शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर लगातार आपत्तियां कर रहे थे। अब राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी ने उसी रामचरितमानस की पंक्तियों का इस्तेमाल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जवाब देने के लिए किया है। सारण लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ उतरीं रोहिणी आचार्य ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निजी हमले के लिए मानस के सुंदर कांड की पंक्तियों को बदल डाला है। उन्होंने पंक्तियां बदलते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे और पत्नी पर निशाना साधा है। रोहिणी आचार्य के सोशल मीडिया पोस्ट की इन पंक्तियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उस बयान का जवाब माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने लालू प्रसाद यादव को बहुत सारे बच्चे जन्म देने और पत्नी-बच्चों को कुर्सी सौंपने पर आपत्ति जताई थी।

लालू प्रसाद यादव को अपनी किडनी दान कर उन्हें जीवनदान देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य अब औपचारिक तौर पर राजनीति



में कूद गई हैं। वह राजनीति में नहीं थीं, तब भी लालू के विरोधियों पर हमले के लिए जानी जाती थीं। जनवरी तक बिहार में चल रही महागठबंधन सरकार के गिरने की आशंका भी रोहिणी के सोशल मीडिया पोस्ट से ही सही हुई थी, जब उन्होंने सीधे सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला था। इस बार चुनाव में उतरीं रोहिणी ने कुछ देर पहले सोशल मीडिया पर लिखा है- 'जहां सुमति तहां पूत - यश और कर्म गुणवाना। जहां कुमति तहां पूत-परिवार पर विपत्ति निधाना।।' रोहिणी ने चूंकि रामचरितमानस के सुंदर कांड के दोहे को बदल डाला है, इसलिए इसका सीधा अर्थ किसी किताब में नहीं मिल सकता है। जहां तक भाव का सवाल है तो कर्मकांड के जानकार पंडित शशिकांत मिश्र इसका अर्थ समझाते हैं कहते हैं कि शायद उनका आशय यह होगा- 'सद्बुद्धि के कारण पूत (पुत्र), यश (धन-वैभव-पहचान), कर्म (सुखी संपन्न परिवार) और गुण (प्रगति के पथ पर अग्रसर) लालू परिवार को मिला है। दूसरी ओर चूंकि कुमति के कारण पूत, परिवार पर विपत्ति है। संभवत: नीतीश कुमार के बेटे और मृत पत्नी को लेकर यह बातें कही गई हैं, क्योंकि पिछली बार भी जब नीतीश एनडीए में थे तो लालू परिवार से ऐसी बात सामने आयी थी।

सुंदर कांड में एक जगह पर विभीषण अपने बड़े भाई रावण को समझाते हुए कहते हैं- 'सुमति कुमति सब कें उर रहहीं। नाथ पुरान निगम अस कहहीं।। जहां सुमति तहं संपति नाना। जहां कुमति तहं बिपति निदाना।।' इसका अर्थ भी बताया गया है- 'पुराण और वेद ऐसा कहते हैं कि सुबुद्धि और कुबुद्धि सभी के ह्रदय में रहती है।

जहां सुबुद्धि है, वहां कई प्रकार की सुख-संपदाएं रहती हैं। जहां कुबुद्धि हैं, वहां परिणा में विपत्ति रहती है।' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जवाब देने के लिए रोहिणी आचार्य ने मानस के इन्हीं दोहे को अपने हिसाब से बदलकर इस्तेमाल किया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग इन दिनों सब कुछ दावा करते हैं। जब उन्हें हटाया गया तो उन्होंने अपनी पत्नी को नियुक्त किया। अब, इन दिनों यह उनके बच्चे हैं। आप पैदा तो बहुत कर दिए। इतना ज्यादा बाल-बच्चा किसी को पैदा करना चाहिए क्या? लेकिन, इतना किया। अब उन्होंने अपने बेटे-बेटियों सबको शामिल कर लिया है। वह हर जगह कुछ-न-कुछ कहते रहते हैं, पुरानी बातें भूल जाते हैं, इसलिए मैं सबको बताना चाहता हूं कि कोई भी काम नहीं हो पाता था बाहर, कोई सड़क या शिक्षा नहीं थी।'

इस मामले पर तेजस्वी यादव ने कल जवाब देते हुए कहा था नीतीश जी मेरे आदरणीय हैं, अभिभावक हैं। वह हमें कुछ भी कह सकते है, पहले भी तो ऐसी बात कह चुके हैं। उनकी हर बात हमारे लिए आशीर्वचन एवं आशीर्वाद है। वैसे ये सब बातें कोई चुनावी मुद्दा नहीं है। हमारे ऊपर व्यक्तिगत बात करने से या हमारे द्वारा विपक्ष पर व्यक्तिगत आरोप एवं बात करने से जनता का क्या भला होगा? हम राजनीति और लोकतंत्र में लोग की बातें करते हैं ना कि स्वयं की। तेजस्वी यादव ने कहा कि व्यक्तिगत चीजें केवल घर के ड्राइंग रूम तक ही होनी चाहिए। वर्षों से सत्ता पर काबिज एनडीए के नेता गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, नौकरी, विकास-निवेश जैसे मुद्दों का जिक्र राजनीतिक मंचों से क्यों नहीं करते? तेजस्वी यादव ने कहा कि मुद्दों से क्यों भाग रहे है?

### बिहार में गेस्ट टीचर के बाद अब इनकी गई नौकरी

# केके पाठक के एक फैसले से सड़क पर आ गए इंस्ट्रक्टर

**सीतामढ़ी (एजेंसियां)।**

बिहार के स्कूलों के आईसीटी लैब में नियुक्त इंस्ट्रक्टर को हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। ये सभी इंस्ट्रक्टर एजेंसी के माध्यम से बहाल किए गए थे। नौकरी से इनका परिवार चलता था, पर सरकार के एक निर्णय से इनके हाथ से नौकरी निकल गई है और ये अचानक सड़क पर आ गए है। गौरतलब है कि हाल में शिक्षा विभाग ने हजारों अतिथि शिक्षक को नौकरी से बाहर निकाल दिया था। इन दोनों में एक मात्र अंतर यही है कि अतिथि शिक्षक की बहाली की कार्रवाई विभाग खुद ने की थी, जबकि इंस्ट्रक्टर की बहाली एजेंसी के माध्यम से की गई है।

कल तक जो इंस्ट्रक्टर स्कूलों में आईसीटी इंस्ट्रक्टर के रूप में नौकरी करते थे, वो अब बेरोजगार होकर रोड पर आ गए हैं। इनकी बहाली अगस्त-




सितंबर 23 में की गई थी। इसको लेकर खुद एसीएस केके पाठक ने सूबे के सभी डीईओ को पत्र जारी किया था। स्कूलों में आईसीटी लैब के साथ आईसीटी इंस्ट्रक्टर और गार्ड की बहाली के लिए 13 एजेंसियों का चयन किया गया था। इन एजेंसियों को प्रत्येक जिले के पांच विद्यालयों में आईसीटी लैब के लिए कंप्यूटर समेत अन्य व्यवस्था करने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी।

शिक्षा विभाग के स्तर से आईसीटी लैब वाले स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति की गई है और जहां नहीं है, वहां नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। विभाग ने एक आदेश जारी किया है कि जिन विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षक नियुक्त किए जा चुके है, वहां से आईसीटी के इंस्ट्रक्टर को हटा दें। हटाने वाला यह अभियान पूरे बिहार में चल रहा है। सीतामढ़ी डीईओ प्रमोद कुमार साहू ने 10 अप्रैल 24 को ही संबंधित प्रधानाध्यापक को पत्र भेजकर कंप्यूटर शिक्षक की नियुक्ति के बाद इंस्ट्रक्टर को हटाने का आदेश दिया था।

इस बीच, डीईओ ने एक बार फिर संबंधित प्रधान शिक्षकों को पत्र भेज इंस्ट्रक्टर को हटाने का आदेश दिया है। दरअसल, 10 अप्रैल के जारी पत्र के आलोक में किसी भी प्रधान शिक्षक ने यह सूचना नहीं दी है कि इंस्ट्रक्टर को हटा दिया गया है या हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जवाब के आभाव में ही डीईओ को फिर से पत्र भेजने की नौबत आई है। डीईओ ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर कंप्यूटर शिक्षक पदस्थापित हैं और वहां आईसीटी इंस्ट्रक्टर कार्यरत है, तो उनके वेतन भुगतान के लिए सीधे प्रधान शिक्षक जिम्मेवार होंगे। यानी प्रधान शिक्षक के वेतन से कटौती कर इंस्ट्रक्टर को भुगतान किया जायेगा।

### सीएम नीतीश ने तेजस्वी पर साधा निशाना

# हमने 10 लाख की नौकरी देने की बात की तो वो उसी पर दावा करता है

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिना नाम लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- बिहार में उनके माता-पिता भी सीएम रहे, उन्होंने किसी को नौकरी कहां दी है? पहले नौकरी किसे मिलती थी? हमलोग कुछ दिन साथ रखे थे। हम ही उसे बताए कि 10 लाख नौकरी देने वाले हैं, तो आजकल बोलता है कि हम लोग इतना दिए, हम लोग करवाये हैं सब। जो हम किए हैं उसी पर दावा करता रहता है।' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार किशनगंज में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा- 'मैंने विश्व बैंक से ऋण लेकर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की शुरुआत की। हमने एसएचजी का नाम 'जीविका' रखा और जब दिल्ली के लोगों ने इसे देखा, तो उन्होंने 'आजीविका' शुरू की।



इधर, रांची में 'इंडिया' अलायंस की रैली में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव रविवार को रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा- भाजपा भगाओ देश का लोकतंत्र बचाओ, भाजपा भगाओ देश का संविधान बचाओ। इंडिया गठबंधन है।' उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ जो अन्याय हुआ है, झारखंड की जनता इसका बदला लेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीबीआई, ईडी, आईटी इलेक्टोरल बॉन्ड, हिन्दू-मुस्लिम और मस्जिद न हो तो बीजेपी 100 सीट भी पार नहीं कर सकती है, एनडीए के नेता डरे हुए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com